53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.1°c
अधिकतम 38.2 °c

**अमृतवाणी**
समझ और समझौता
बहुत कम लोगों को समझ आता है!
जिसे ये दोनों समझ आते हैं, उसे फिर
कुछ समझने को बाकी नहीं रहता।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
रामजी लाल सुमन सपा के दूसरे आजम खान बन रहे हैं : संजय निषाद



तो क्या उनका भी हाल आजम खान जैसा हो जाएगा?........

सूर्योदय - 5:45, सूर्यास्त - 6:50 | वर्ष : 53/ अंक : 110 | मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 | वैशाख, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# बदहवास हालत में लौटे डीसी, पत्नी ने कह दी बड़ी बात, 25 लाख मांग रहे थे साहब

## चार दिन बाद लौटे डीसी विकास त्यागी, बदहवास हालत में कराये गए हॉस्पिटल में भर्ती, बीएसए संदीप कुमार पर लगाए गए आरोपों से भी अब उठेगा पर्दा, पत्नी बोली 14 लाख रुपये लेकर घर से गए थे विकास, सच आएगा जल्द सामने

**मुजफ्फरनगर, 21 अप्रैल (बु.)।** चार दिन से गायब बेसिक शिक्षा विभाग में डीसी (जिला समन्वयक) के पद पर तैनात विकास त्यागी एकाएक सोमवार की शाम को बदहाल हालत में वापस घर लौट आए। कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें घर के बाहर मोटर साइकिल से कोई छोड़ गया है और कुछ का कहना है कि वे खुद ही वापस आए हैं। बदहवास हालत में विकास त्यागी को जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया, जहां सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। जब पुलिस ने विकास त्यागी से पूछताछ करनी चाही तो वह इस हालत में ही नहीं थे कि कुछ बता सकें। इस घटनाक्रम से पहले बुलेटिन की टीम ने जब विकास त्यागी के परिवार की पीड़ा जाननी चाही तो प्रीति ने कैमरे के सामने बहुत बड़ी बात कह दी।



डीसी विकास त्यागी की पत्नी प्रीति

प्रीति त्यागी ने बताया कि उनके पति विकास त्यागी पिछले कई दिनों से परेशान थे और रात को दो-दो बजे सोते थे। जब प्रीति ने विकास त्यागी से उनकी परेशानी पूछी तो विकास ने बताया कि बीएसए साहब उनसे 25 लाख रुपये मांग रहे हैं। जब प्रीति से बुलेटिन ने यह सवाल किया कि आखिर किस बात के 25 लाख रुपये बीएसए साहब ने मांगे थे, तो प्रीति ने बताया कि उनके पति ने इससे ज्यादा बात बताने से उसे इंकार कर दिया और पैसा जुटाने की धुन में ही लगे रहे। प्रीति ने बताया कि शुक्रवार की शाम विकास त्यागी के पास बीएसए साहब का फोन आया था, यह बात वह पुलिस को पहले से ही बता चुकी थी। जैसे ही बीएसए का फोन आया तो प्रीति के अनुसार वे 14 लाख रुपये लेकर घर से चले गए और उसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है। देर शाम डीसी विकास त्यागी वापस लौट चुके हैं और प्रीति द्वारा बीएसए संदीप कुमार पर लगाए गए कितने सही उतरते हैं, अब देखने वाली बात यह होगी, क्योंकि मंगलवार तक डीसी विकास त्यागी के पूरी तरह होशो हवास में आने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी कि आखिर जो आरोप प्रीति ने बीएसए संदीप कुमार पर लगाए हैं, वह सब सच हैं या उसमें भी कुछ राज बाकी है। समाचार लिखे जाने तक डीसी विकास त्यागी का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा था और पुलिस उन्हें साथ ले जाने की बात कह रही थी मगर परिजन विकास त्यागी को बदहाल हालत में पुलिस के साथ भेजने को तैयार नहीं थे। चार दिन बाद वापस लौटे विकास त्यागी के गायब होने के रहस्य से जल्द ही पुलिस व परिवार के लोग पर्दा हटा देंगे।



बदहवास हालत में लौटे विकास त्यागी



जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान विकास त्यागी व उनके साथ खड़ी पुलिस व परिजन

### कैमरे पर भड़का भतीजा ऋतिक, बोला- जब 32 घंटे में मोबाइल ही नहीं बरामद कर सकी पुलिस तो और क्या करेगी?

**मुजफ्फरनगर।** बुलेटिन के कैमरे पर विकास का भतीजा बात करते-करते पुलिस पर आक्रोशित हो गया। ऋतिक का कहना है कि 31-32 घंटे मोबाइल खुले हो गए और मोबाइल की लोकेशन महावीर चौक के पास शौचालय की आई है, उसी के इर्द-गिर्द पड़ा मोबाइल भी पुलिस जब नहीं ढूंढ पाई तो आखिर यहां की पुलिस और क्या करेगी। उसने कहा कि पुलिस से ज्यादा हम लोगों की टीम ने मोबाइल ढूंढने में पुलिस की मदद की है। 20-25 हमारे ही परिवार के लोग लगातार मोबाइल ढूंढने में लगे हुए हैं, मगर उनके चाचा विकास त्यागी का मिलना तो दूर, अभी पुलिस को मोबाइल तक नहीं मिल पाया है।



डीसी विकास त्यागी का भतीजा ऋतिक

### घर से निकलने के 9 मिनट बाद, मोबाइल हो गया था ऑफ, अंतिम लोकेशन लद्दावाला ज्ञात हुई

**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा विभाग में डीसी के पद पर तैनात विकास त्यागी के मोबाइल की लोकेशन जब पुलिस ने खंगाली तो घर से निकलने के नौ मिनट बाद ही विकास त्यागी का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था तथा सीसीटीवी कैमरे में विकास त्यागी ई- रिक्शा से जाते दिखाई दिये। पुलिस को कल रविवार को मोबाइल खुला होने पर उसकी लोकेशन महावीर चौक के शौचालय के पास मिली थी, मगर आज सोमवार सुबह सम्भवतः मोबाइल बैट्री खत्म होने के कारण स्वतः बंद हो गया। अब डीसी को तलाशने का मामला और पेचीदा हो चला है। आपको यह भी बता दें कि जब पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक बात और सामने आई कि विकास त्यागी सहारनपुर अड्डे से एक पॉलीथीन लेकर ई-रिक्शा में बैठे थे। अब इस पॉलीथीन के अंदर क्या था, यह तो विकास त्यागी की बरामदगी के बाद ही ज्ञात हो सकेगा और पुलिस ही इसका खुलासा करेगी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि विकास त्यागी वह पॉलीथीन लेकर बीएसए ऑफिस नहीं पहुंचे थे, ऐसे में यह रहस्य और अधिक उलझता जा रहा है कि आखिर विकास त्यागी लद्दावाला क्यों गए और जब बीएसए ने उन्हें बुलाया था तो आखिर वह बीएसए के पास क्यों नहीं पहुंचे। फिलहाल पुलिस के लिए यह मामला बड़ा सिरदर्द बना हुआ है।

### परिजनों ने जिला चिकित्सालय में दी गयी दवाईयों और इंजेक्शनों के फोटो तक लिये

**मुजफ्फरनगर।** देर रात जब डीसी विकास त्यागी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया और जब पुलिस उन्हें ले जाने की जिद करने लगी तो परिजनों को जिला चिकित्सालय द्वारा दिये गए उपचार में भी संदेह हो रहा था। परिजनों ने उन्हें दी गयी दवाईयों व इंजेक्शनों के फोटो हाथोंहाथ खींच लिये। परिजनों को किस बात पर संदेह था, यह कह पाना मुश्किल है। धीरे-धीरे इन सब बातों से पर्दा जरूर हटेगा कि आखिर परिजनों को किस किस बात पर शक हो रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा जो रिक्शा में पॉलीथीन ले जाने की बात कही गयी, ऐसी कोई पॉलीथीन डीसी विकास त्यागी वापस नहीं लाए। अब उस पॉलीथीन में रुपये थे या कुछ और इस बात से भी पर्दा उठना बाकी है।

# शादी में आए युवक की नहर में डूबने से मौत परिजनों में मचा कोहराम

**भोपा, 21 अप्रैल (बु.)।** शादी में आए युवक की गहरे पानी में डूबने से हुई मौत। गंग नहर में नहाते समय हुए तेज बहाव में बहा युवक। एक युवक डूबते-डूबते बचा। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव की तलाश की शुरू। युवक की मौत पर परिजनों में मचा कोहराम। जनपद मुजफ्फरनगर के थाना छपार क्षेत्र के गांव बसेड़ा में पुरकाजी से बारात आई थी। जानकारी के अनुसार शादी समारोह में खाना खाने के बाद कुछ युवक भोपा थाना क्षेत्र की निरगाजनी गंग नहर झाल पर नहाने के लिए पहुंच गए। जानकारी के अनुसार शावेज व बादशाह गंगनहर में नहाने लगे कि नहाते समय बादशाह पानी की तेज धार में बह गया। मृतक का दूसरा साथी बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर नहर से निकल पाया। पानी का बहाव अधिक होने के कारण बादशाह नहर से नहीं निकल पाया। गंगनहर में ही समा गया। वहीं गंग नहर के पास खड़े अन्य लोगों द्वारा शोर मचाया, तो मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। युवक के डूबने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी की तथा पूछताछ के दौरान पता चला कि डूबने वाला युवक शादी में आया हुआ था, जो गंगनहर में नहाते समय डूब गया। वहीं युवक के डूबने से परिवार में मातम छा गया। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश रोरिया ने जानकारी जानकारी देते हुए बताया कि डूबने वाले युवक की तलाश गोताखोरों द्वारा की जा रही है।



### महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुजफ्फरनगर, 21 अप्रैल (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेमपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। बताया जाता है कि गांव सलेमपुर निवासी कुलदीप घर से काम पर गया हुआ था। घर में उसकी पत्नी रीतू घर में अकेली थी। सोमवार शाम के समय जब कुलदीप काम से घर वापस लौटा तो रीतू का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। शोर मचाते हुए उसने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अन्दर लटके शव को जांच पड़ताल के बाद नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। रीतू की शादी 9 साल पहले कुलदीप के साथ हुई थी। एसएसआई नरेन्द्र सिंह का कहना कि देर शाम तक घटना के संबंध में कोई तहरीर नहीं आयी थी।

# अर्धरात्रि रेस लगा रहे युवक की हुई मौत

**बुढ़ाना, 21 अप्रैल (बु.)। एक मेहमान युवक की मौत वहां हुई, जहां उसने कल्पना भी नहीं की होगी। अर्धरात्रि में चोरी छिपे बाइक लेकर रेस लगा रहे दो युवक चलते ट्रक की टक्कर लगने से जख्मी हो गये, जिसमें मेहमान युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा किशोर जख्मी हो गया। जिसे गंभीर हालत में मेरठ रैफर कर दिया गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा है।**

**मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली के गांव जौला के निवासी अब्दुल कय्यूम के यहां पर बागपत जिले के गांव सुन्हैड़ा के निवासी जियाउद्दीन का 18 साल का पुत्र फिरोज अहमद बीते दिनों मेहमानदारी में आया हुआ था। आज सोमवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में करीब एक बजे मेहमान फिरोज अहमद अपने रिश्तेदार अब्दुल कय्यूम के 19 वर्षीय पुत्र साईवान को घर में खड़ी बाइक पर साथ लेकर उस समय गढ़ी के पुल पर रेस लगाने लगा, जब सभी सो रहे थे। तब रेस लगाते समय तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर आगे आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी, जिसमें फिरोज का सिर सड़क से दूर तक घिसटता चला गया। जिसमें फिरोज की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि साइवान घायल हो गया। आते-जाते राहगीरों की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने साइवान को गंभीर हालत में मेरठ रैफर कर दिया, जबकि फिरोज को मृत घोषित कर दिया। घायल साईवान? से पता मालूम कर घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गयी, तो परिजनों में चीख पुकार मच गयी।**



### अज्ञात मृत महिला का शव बरामद

**मुजफ्फरनगर, 21 अप्रैल (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के बझेड़ी मार्ग बागो वाली कट पर घायल अवस्था में एक महिला पड़ी मिली थी, जिसे राहगीरों की मदद से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसका निधन हो गया महिला की उम्र लगभग 65 वर्ष है, जिसने सरसों कलर का फूल के प्रिंट वाला, सूती सूट, कमीज सलवार पहनी हुई है।**

# क्या यूं ही होती रहेगी व्यापारियों की जांच, 2027 में भाजपा का सूपड़ा न हो जाए साफ?

**मुजफ्फरनगर, 21 अप्रैल (बु.)।** समोसा, हलवाई, अंगीठी की रोटी के बाद अब कॉस्मैटिक की बारी आ चुकी है। सोमवार को जीएसटी विभाग की टीम नगर के प्रसिद्ध कल्लू जनरल स्टोर अधिकारिक नाम आरती ट्रेडिंग कम्पनी पर लगभग 11:30 बजे पहुंची और सब हिसाब-किताब जुटाने शुरू कर दिये। जैसे ही जीएसटी टीम कल्लू जनरल स्टोर पहुंची तो फिर से एक बार व्यापारियों को अपनी-अपनी चिंता सताने लगी। व्यापारियों को जीएसटी का डर तो नहीं था मगर दस-दस रुपये का हिसाब आखिर कौन कब तक देता रहेगा। इस शहर में व्यापारियों के बीच फिर एक बार चर्चा का विषय यह रहा कि इस शहर से अपने व्यापार बंद ही करने होंगे, क्योंकि जिस सरकार को उन्होंने अपने भर-भरकर वोट दिये थे, आज उसी सरकार में उन्हीं का जमकर उत्पीड़न हो रहा है और अब उन्हें यह भी ज्ञात हो चला है कि जिन नेताओं से अभी तक शहर का ही उद्धार नहीं हो पाया, ऐसे में वे कैसे व्यापारियों का उद्धार करने के लिए सड़क पर आ जाएंगे। अब यह उम्मीद रखनी बेकार है। जबकि ट्रिपल इंजन की सरकार में सड़क, बिजली, पानी की दुर्दशा ठीक कराने तक की क्षमता नेताओं में नहीं तो जीएसटी की छापेमारी पर लगाम लगवाना तो दूरी की कोड़ी है। आपको बता दें कि आज सिर्फ बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां चलाने वाले ही नहीं आज जीएसटी विभाग की टीम समोसे बेचने वाले के पत्ते तक गिनने को तैयार है। पिछले एक वर्ष में यहां न समोसे वाला छूटा है, न रसगुल्ले बेचने वाला और न अंगीठी पर रोटी सेंककर वर्षों से अपने कारोबार से कमाने वाला बचा है। अब जीएसटी विभाग की निगाहें बिंदी, लिपस्टिक, चूड़ी, पर्स बेचने वाले पर भी पड़ चुकी हैं। ऐसे में किसका नम्बर कब लगेगा, बस व्यापारी इसी बात का इंतजार कर रहे हैं। अभी तो कई तरह के कारोबारी इस छापामारी से बचे हुए हैं, मगर इसी तरह व्यापारी बंटे रहे तो सबका नम्बर आना तय है। एक जमाना था जब सिर्फ सेल टैक्स लगा करता था, आज तरह-तरह के टैक्स लेने के बावजूद भी सरकार की भरपाई नहीं हो पा रही है। आपको बता दें कि 75 फीसदी अच्छे व्यापारी अपना हिसाब-किताब पूरी तरह माकूल रखने की कोशिश करते हैं, जमकर सरकार को जीएसटी देते हैं, बावजूद उसके सरकार उनसे एक-एक पाई का हिसाब लेने की फिराक में अपने अधिकारियों को छापामारी के लिए आए दिन बाजारों में भेजती है। जो सरकार व्यापारियों के कल्याण की बात करती थी, आज व्यापारी उसी सरकार से पूछ रहे हैं कि क्या इसी तरह उनका कल्याण किया जायेगा? व्यापारियों ने अंधे होकर 2014 से 2024 तक सरकार को भर-भरकर वोट दिये थे और आज वही सरकार अधिकारियों को आगे कर व्यापारियों पर जमकर छापेमारी कराये जा रही है और व्यापारी अपनी ही सरकार में लाचार दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में मुजफ्फरनगर में व्यापार करने में अब व्यापारियों को भय सताने लगा है। बड़ा व्यापारी बड़ा व्यापार करने से डर रहा है और अब जब जीएसटी विभाग की निगाहें समोसे बेचने वाले तक पर हैं तो व्यापारी सोचने लगे हैं कि अब इससे नीचे का व्यापार कौन सा करें। कुल मिलाकर लगातार हो रही शहर में जीएसटी की छापामारी कई प्रश्न खड़े कर रही है और आम आदमी 2027 में व्यापारियों पर अत्याचार करने वाली सरकार का उद्धार करने की सोच रही है। यदि व्यापारी 2027 में एकजुट हुए तो इस बार जैसा व्यापारियों का कल्याण हुआ है, वैसा ही कल्याण सरकार का भी करने को व्यापारी तैयार हो जाएंगे।







### नेताओं में रखेंगे आस, तो यूं ही टूटेंगे व्यापारियों के विश्वास

**मुजफ्फरनगर।** आज का व्यापारी अपनी शक्ति को ही भूल बैठा है। एक जमाने में जीएसटी तो छोड़ो सिर्फ इंकम टैक्स की रेड करने वालों को बाजारों में कदम रखने से पहले सौ बार सोचना पड़ता था और आज सौ से अधिक व्यापार मण्डल होने के बावजूद भी व्यापारी अपना आत्मविश्वास खो बैठे हैं उसका कारण सिर्फ एक ही माना जा रहा है कि व्यापारियों ने सरकार के नेताओं के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नेताओं में जितनी आस्था व्यापारियों ने जताई, उतना ही अपने आपको कमजोर कर लिया।

सोमवार को जब कल्लू जनरल स्टोर पर छापामारी हुई तो सबसे दुखद नजारा यह देखने को मिला कि सत्ताधारी नेताओं की बात तो दूर वे तो अपनी ही सरकार में कैसे अपनी जीएसटी टीम का विरोध करने के लिए आ जाते मगर जनरल स्टोर पर छापेमारी चलती रही और एक भी व्यापारी ने आसपास की दुकान तक बंद नहीं की। ऐसे में वो कहानी याद आ गयी कि अभी तो पड़ोसी के यहां छापा लगा है, अभी मेरी बारी कहां है? हर कबूतर बिल्ली के सामने पड़ने पर अपनी आंखों को यह सोचकर धुंधला कर लेता है कि बिल्ली मुझे नहीं खाएगी, मगर बिल्ली का काम कबूतर का शिकार करना है। वह अपना शिकार करके वापस लौट जाती है और कबूतर मरते दम तक यही सोचता है कि बिल्ली ने मुझे नहीं खाया। ठीक ऐसा ही हाल सोमवार को व्यापारियों का भी दिखा। देर शाम तक व्यापारियों को होश आया और वे सैकड़ों की संख्या में दरा बिछाकर कल्लू जनरल स्टोर के बाहर सड़क पर इकट्ठा हो गए मगर जीएसटी टीम अंदरखाने अपनी जांच पड़ताल कर-के वापस लौट गयी। अब देखना यह होगा कि व्यापारियों का विरोध कल्लू जनरल स्टोर के काम आता है या अंदरखाने सबकुछ सिमटकर रह जाता है। फिलहाल जीएसटी की छापेमारी से व्यापार जगत में रोष दिखाई दे रहा है और व्यापारी यही कहते देखे गए कि अब सत्ताधारी नेताओं में नहीं रखेंगे आस, अपने अंदर का ही जगाएंगे आत्मविश्वास।

# स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा, दो अस्पताल व लैब किए सील

**मुजफ्फरनगर, 21 अप्रैल (बु.)।** जनपद में मिल रही तमाम शिकायतों एवं स्वास्थ्य विभाग की जांच पड़ताल में फर्जी नर्सिंग होम व चिकित्सकों की धरपकड़ का अभियान जोरों पर है। जनपद में इस अभियान के तहत सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देश पर जिला सर्विलांस अधिकारी द्वारा दो चिकित्सालय एवं लैब सेंटर को सील किया गया। टीम द्वारा की गई उक्त कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. विक्रांत तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को की गई कार्रवाई में शहाबुद्दीनपुर रोड स्थित चंदेल हॉस्पिटल, महेश डायग्नोस्टिक सेंटर शहाबुद्दीनपुर रोड, श्रेया हेल्थ केयर सेंटर एवं जच्चा बच्चा केंद्र शहाबुद्दीनपुर रोड को सोमवार को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि इन सभी हॉस्पिटल का स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण नहीं कराया गया था। इसके साथ ही इन सभी हॉस्पिटल पर चिकित्सक भी नहीं थे। उन्होंने बताया इसमें से चंदेल हॉस्पिटल का आयुष विभाग में रजिस्टर्ड था, लेकिन उनके द्वारा गैर कानूनी ढंग से हॉस्पिटल में ऑपरेशन थिएटर चलाया जा रहा था तथा एलोपैथिक दवाइयां दी जा रही थी। दूसरी ओर, जांच के रडार पर मनीष डॉयग्निस्टिक का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग में नहीं कराया गया था जिसके लिए इन सभी केंद्रों को सील कर दिया गया है।







# डीएम मुजफ्फरनगर के अब बहुरेंगे दिन, मिलेगा अपना दफ्तर

**मुजफ्फरनगर, 21 अप्रैल (बु.)।** जिलाधिकारी का अपना कार्यालय न होने के कारण लंबे समय से उन्हें उधार के कार्यालय में बैठकर काम करना पड़ रहा था, लेकिन अब जल्द उन्हें भी अपना दफ्तर मिलने की उम्मीद जगी है। प्रदेश शासन ने जिला मुख्यालय पर नया जिलाधिकारी कार्यालय बनवाने के लिए करीब सवा दो करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग कार्यदायी संस्था नामित करते हुए विभाग को बजट की धनराशि उपलब्ध करा दी गई है, जल्द ही कलेक्ट्रेट में उक्त निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**शासन ने जारी किया बजट, लोक निर्माण बनाएगा नया भवन**

अंग्रेजी हुकूमत के इतिहास को अपने आप में समेट कर रखने वाले जिलाधिकारी कार्यालय को जमींदोज हुए करीब 20 माह से अधिक हो गए हैं। इस बीच यहां पर नया डीएम कार्यालय बनने और न बनने को लेकर कई पड़ाव आये, लेकिन आखिरकार शासन ने यहां नए डीएम कार्यालय निर्मित कराने के लिए बजट जारी करते हुए तमाम गतिरोधों को विराम लगा दिया है। करीब दो सौ साल पुराना इतिहास अपने आप में समेटे यहां पर अंग्रेजी शासनकाल में ही कलेक्टर कार्यालय बन गया था। वो यहां चल रहा था कि 27 अगस्त 2023 को डीएम दफ्तर के बराबर में बने विश्राम गृह की छत अचानक भरभरा कर गिर जाने के बाद से डीएम और इसके बराबर में चलाये जाने वाले एडीएम वित्त के कार्यालय को बंद कराने के बाद विशेषज्ञों की राय पर जर्जर भवन 26 अक्टूबर 2023 को ध्वस्त करा दिया गया था। इसके बाद ही डीएम और एडीएम वित्त अस्थाई कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं। डीएम जहां जिला पंचायत सभागार में बैठ रहे थे, वहीं एडीएम एनआईसी में बैठकर कामकाज कर रहे हैं।





पुराना भवन ध्वस्त करने के बाद नये भवन के निर्माण के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी नजारत सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने कार्यवाही को प्रारंभ कराते हुए इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कलेक्ट्रेट में नए डीएम दफ्तर बनवाये जाने के लिए एस्टीमेट बनवाया गया। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण करने के बाद दो मंजिला भवन निर्मित कराने के लिए 2.60 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया था। स्टीमेट के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी नजारत की रिपोर्ट को शासन को भेजकर बजट की मांग की थी, लेकिन इसी बीच कलेक्ट्रेट मुख्यालय से स्थानांतरित करने का प्लान बनाया गया तो यह प्रस्ताव रोक दिया था। अब शासन से मुख्यालय पर ही कलेक्ट्रेट में पुराने स्थान पर नया जिलाधिकारी कार्यालय बनवाने के लिए बजट मंजूर कर धनराशि जारी कर दी है।

**इन्होंने कहा-**

"प्रभारी अधिकारी नजारत व नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के एस्टीमेट के आधार पर शासन को प्रस्ताव भेजकर बजट की राशि जारी करने के लिए कहा गया था। 29 मार्च 2025 को उत्तर प्रदेश के राजस्व विभाग के सचिव द्वारा यह बजट स्वीकृत करते हुए धनराशि जारी कर दी गई है। शासन ने नया जिलाधिकारी कार्यालय बनवाने के लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड को कार्यदायी संस्था नामित किया है और स्वीकृत बजट के अनुसार 2 करोड़ 24 लाख 57 हजार रुपये की राशि भी विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि कलेक्ट्रेट में नया डीएम कार्यालय का निर्माण करने के लिए शासन से विभाग को बजट जारी हो चुका है। अब जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।"

